भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 626
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 6 फरवरी, 2023
17 माघ 1944 (शक)

पश्चिम बंगाल में स्मारकों को राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों के रूप में घोषणा

626. श्री जगन्नाथ सरकार :

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिमी बंगाल में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों के रुप में घोषित स्मारकों या स्थलों की जिला- वार संख्या कितनी है ;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त स्मारकों अथवा स्थलों पर व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान इन स्मारकों से सरकार को वर्ष -वार कितना राजस्व प्राप्त हुआ है ;

(घ) क्या सरकार का विचार पश्चिमी बंगाल में किसी अन्य स्मारक को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित करने का है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : पश्चिम बंगाल में 135 स्मारकों तथा स्थलों को राष्ट्रीय महत्व के रुप में घोषित हैं। स्मारकों तथा स्थलों की जिला–वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है ।

(ख) : पिछले तीन वर्षों के दौरान इन स्मारकों तथा स्थलों के संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण के संबंध में व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

(धनराशि करोड़ रुपये में)

वर्ष	व्यय
2019-20	9.68
2020-21	8.10
2021-22	7.37

(ग):पिछले तीन वर्षों के दौरान इन स्मारकों अथवा स्थलों से अर्जित राजस्व निम्नानुसार है :

(धनराशि करोड़ रुपये में)

वर्ष	व्यय
2019-20	3.29
2020-21	1.23
2021-22	1.65

(घ) और (ड.): वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 06.02.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 626 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

पश्चिम बंगाल राज्य में राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों तथा स्थलों की जिलेवार संख्या

क्र.सं.	ज़िला	स्मारक / स्थल की संख्या
1.	बांकुरा	36
2.	बीरभूम	05
3.	बर्दवान	11
4.	कूचबिहार	02
5.	दार्जिलिंग	02
6.	दिनाजपुर (दक्षिण)	02
7.	हुगली	11
8.	हावड़ा	01
9.	कोलकाता	06
10.	मालदा	21
11.	मिदनापुर	06
12.	मुर्शिदाबाद	22
13.	नादिया	02
14.	उत्तर 24 परगना	05
15.	पूर्ब मेदिनीपुर	01
16.	पुरुलिया	01
17.	दक्षिण 24 परगना	01
	कुल	135

*****